दैनिक प्रातः कालीन भारत सरकार से रजिस्टर्ड हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 217 मुरादाबाद, 27 November 2023 (Monday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

## संक्षिप्त समाचार

### जीजा ने मेरे साथ कई बार संबंध बनाए... अब शादी से मुकर रहा, थाने में साली का खुलासा, परिवार का बड़ा फैसला

अमरोहा में एक युवक शादी से मुकर गया तो उसकी साली थाने पहुंच गई। उसने जमकर हंगामा किया। आरोप लगाया कि शादी का झांसा देकर जीजा ने संबंध बनाए, अब वह शादी नहीं करना चाहता। इसको लेकर जमकर हंगामा हुआ।अमरोहा के डिडौली में जीजा-साली के प्रेम प्रसंग को लेकर थाने में जमकर ड्रामा हुआ। साली जीजा पर वायदा कर शादी से मुकरने का आरोप लगाती रही। वहीं, खुद के गर्भवती होने की बात कही। मामला बिगड़ते देख पुलिस ने जीजा व उसके परिजनों को थाने में बुलाया। इस बीच साली और उसकी बहन में भी नोक-झोंक हुई। हालांकि, बाद में साली को जीजा के परिवार साथ भेजने पर सहमति बन गई। यह मामला डिडौली से जुड़ा है। यहां के निवासी एक युवक की शादी तीन साल पहले अमरोहा क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती से हुई थी। बताया जाता है कि दोनों ने प्रेम विवाह किया था। युवती के मायके वाले नोएडा में किराये के मकान पर रहते हैं। चार माह पहले युवक अपनी पत्नी के साथ ससुराल में जाकर रहने लगा। वह वहां पर मजदूरी करने लगा। ससुराल में सास और ससुर के अलावा साली भी है। वहां रहते-रहते जीजा और साली के बीच प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। वहीं, आपसी संबंध भी बन गए। इस बीच जीजा उससे शादी का भी वायदा करता रहा। जब साली ने शादी के लिए अधिक दबाव बनाया तो उसने साफ इनकार कर दिया। बाद में वह पत्नी के साथ गांव वापस आ गया। उसके बाद से साली लगातार उससे संपर्क करने का प्रयास करती रही, लेकिन वह उससे बचने लगा। इससे खफा साली शुक्रवार देर रात डिडौली थाने पहुंच गई और जीजा पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। वहीं, खुद को गर्भवती होने की बात कही। उसने जीजा से शादी करने के लिए हंगामा खड़ा कर दिया। जिस पर पुलिस ने जीजा व उसके परिवार के लोगों को वहां बुला लिया। वार्ता शुरू हुई तो साली ने शादी करने की जिद शुरू कर दी। इस पर उसकी बहन से तीखी नोक-झोंक हुई। पुलिस ने दोनों को शांत किया। काफी देर तक दोनों पक्षों में वार्ता चली। बाद में दोनों के परिवारों के बीच साली को जीजा के परिवार के साथ भेजने पर सहमति बनी।

## मुंबई हमले की बरसी पर बोले पीएम मोदी- अब हम आतंक को मजबूती से कुचल रहे हैं



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का आज 107वां एपिसोड प्रसारित हुआ, जिसका आकाशवाणी पर सीधा प्रसारण हुआ। पीएम मोदी ने जल संरक्षण और अमृत सरोवर की बात की। भारत में 65 हजार अमृत सरोवर बनाए गए हैं। गुजरात के अमरेली में जल उत्सव मनाया जाता है, जिससे जल संरक्षण को लेकर जागरुकता आई है। आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम में बेल्जिपुरम यूथ क्लब स्किल डेवलेपमेंट पर फोकस कर रहा है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने देश की कई और प्रेरक कहानियां बताई। पीएम ने कहा सूरत में युवाओं की एक टीम ने प्रोजेक्ट सूरत की शुरुआत की है जिसका लक्ष्य सूरत को सफाई और सस्टेनेबल विकास की मिसाल बनाना है। इसके तहत युवा सार्वजनिक जगहों की सफाई करते हैं और आज इन लोगों की संख्या 50 हजार से ज्यादा हो गई है। इन लोगों की टीम ने लाखों किलो कचरा हटाया है। तमिलनाडु के कोयंबटूर के लोगानाथन जी गरीब बच्चों को अपनी कमाई का एक हिस्सा दान देते हैं। वह अब तक 1500 से ज्यादा बच्चों की मदद कर चुके हैं। डिजिटल पेमेंट को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि अब लोग ज्यादा से ज्यादा डिजिटल पेमेंट कर रहे हैं, ये भी बहुत उत्साह बढ़ाने वाला है। आप तय करिए कि एक महीने तक आप यूपीआई से या किसी डिजिटल माध्यम से पेमेंट करेंगे या कैश पेमेंट नहीं करेंगे। भारत में डिजिटल क्रांति की सफलता ने इसे बिल्कुल संभव बना दिया है। पीएम मोदी ने बताया कि 2022 में भारतीयों द्वारा पेटेंट आवेदन में 31 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वर्ल्ड इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी ऑर्गेनाइजेशन ने एक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें पेटेंट फाइल करने में सबसे आगे रहने वाले टॉप-10 देशों में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। सरकार ने जो प्रशासनिक और कानूनी सुधार किए हैं। उसके बाद आज हमारे युवा एक नई ऊर्जा के साथ बड़े पैमाने पर इनोवेशन में जुटे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि इन दिनों कुछ परिवारों में विदेशों में जाकर शादी करने का नया वातावरण बन रहा है, ये जरूरी है क्या? भारत की मिट्टी में भारत के लोगों के बीच अगर हम शादी ब्याह करेंगे तो देश का पैसा, देश में रहेगा। छोटे छोटे गरीब लोग भी अपने बच्चों को आपकी शादी की बातें बताएंगे।मन की बात में पीएम मोदी ने कहा कि मैंने वोकल फॉर लोकल की अपील की थी और बीते कुछ दिनों में त्योहारों पर देश में चार लाख करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ है। वोकल फॉर लोकल अभियान समृद्ध भारत के द्वार खोल रहा है। इससे अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है।संविधान सभा में 15 महिलाएं थी। इन्हीं में से एक हंसा मेहता ने महिलाओं के अधिकार और न्याय की आवाज बुलंद की थी। उस समय भारत उन कुछ देशों में से था, जिन्होंने महिलाओं को संविधान से वोटिंग का अधिकार दिया। संविधान निर्माताओं की उसी दूरदृष्टि का पालन करते हुए भारत की संसद ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पास किया है और यह हमारे लोकतंत्र की संकल्प शक्ति का उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने बताया संविधान के निर्माण में दो साल 11 महीने और 18 दिन का समय लगा। 60 से ज्यादा देशों के संविधान का अध्ययन के बाद संविधान का ड्राफ्ट तैयार हुआ था और उसे अंतिम रूप देने से पहले दो हजार से ज्यादा संशोधन किए गए। 1950 में संविधान लागू होने के बाद भी अब तक कुल 106 संविधान संशोधन किए जा चुके हैं। पीएम मोदी ने कहा कि दुर्भाग्य रहा कि संविधान का पहला संशोधन बोलने की आजादी और अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकारों में कटौती के लिए हुआ। वहीं 44वें संविधान संशोधन के जरिए आपातकाल के दौरान की गई गलतियों को सुधारा गया।डॉ. अंबेडकर को याद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 1949 में आज ही के दिन संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अंगीकार किया था।

जब साल 2015 में हम बाबा साहेब आंबेडकर की 125वीं जयंती मना रहे थे, उसी समय 26 नवंबर को संविधान दिवस के तौर पर मनाने का विचार आया था। उसके बाद से हर साल हम इस दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं।

## चुनावी रैली में राहुल गांधी का BRS पर हमला, कहा- भारत में सबसे भ्रष्ट सरकार तेलंगाना में है



तेलंगाना में चुनावी रैली के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बीआरएस पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा, भारत की सबसे भ्रष्ट सरकार तेलंगाना में है। साथ ही उन्होंने महिलाओं के बैंक खाते में 2500 रुपये देने का वादा किया है।तेलंगाना विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने को लेकर सभी दल जोर अजमाइश कर रहे हैं। तमाम दलों के नेता लगातार जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। कांग्रेस के स्टार प्रचारक भी लगातार चुनावी रैलियां आयोजित कर रहे हैं। इसी बीच, तेलंगाना के एंडोला में एक चुनावी रैली में राहुल गांधी ने शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने सत्तारूढ़ दल बीआरएस और भाजपा को जमकर घेरा। राहुल गांधी बोले, तेलंगाना में भ्रष्ट सरकार- रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, राज्य के आठ हजार किसानों ने आत्महत्या क्यों की। आपके राज्य के विधायक ही दलित बंधु योजना में कटौती कर रहे हैं। भारत में सबसे भ्रष्ट सरकार तेलंगाना राज्य में ही है। मुझे बताते हुए दुख हो रहा है कि इसका खामियाजा सिर्फ तेलंगाना के लोगों को ही झेलना पड़ा। तेलंगाना में 500 रुपये में देंगे गैस सिलेंडर-राहुल गांधी- चुनावी रैली में राहुल गांधी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र का जिक्र करते हुए कहा, हमने लोगों से छह वादे किए हैं। आपको बता दूं, राज्य में कांग्रेस सरकार आते ही ये वादे कानून में तब्दील हो जाएंगे। कांग्रेस के घोषणा पत्र में किए गए वादों का जिक्र करते हुए कहा, महालक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं के बैंक खाते में हर महीने 2,500 रुपये ट्रांसफर किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा, राज्य में कांग्रेस सरकार के आते ही गैस सिलेंडर के दाम में कटौती होगी। उन्होंने कहा, आप सभी को 500 रूपये में गैस सिलेंडर मिलेगा। तेलंगाना में हमारी सरकार आते ही महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की सौगात मिलेगी।

## चंडीगढ़ में किसानों ने डाला डेरा, MSP सहित कई मांगों को लेकर शुरू हुआ धरना-प्रदर्शन

एमएसपी पर गारंटी सहित अन्य मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर राज्य भर के किसान चंडीगढ़ पहुंचना शुरू हो चुके हैं। पुलिस ने सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए मौके पर भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात कर दिया है गया है। ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में सवार होकर आए किसानों ने धरना-प्रदर्शन की संयुक्त किसान पर राज्य भर के पहुंचे- प्रदर्शन मात्रा में यहां पुलिस किसानों के साथ कार्यकर्ता व सीटू धरनास्थल पर पर गारंटी सहित लेकर संयुक्त



शुरूआत कर दी है। मोर्चा के आह्वान किसान चंडीगढ़ स्थल पर भारी बल तैनात- आंगनबाड़ी वर्कर भी पहुंचीएमएसपी अन्य मांगों को किसान मोर्चा के आह्वान पर राज्य भर के किसान चंडीगढ़ पहुंचना शुरू हो चुके हैं। ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में सवार होकर किसानों ने प्रदर्शन की शुरूआत कर दी है। वहीं सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए भारी मात्रा में यहां पुलिस बल तैनात किया गया है।प्रदर्शन स्थल पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सीटू वर्कर भी पहुंची- किसानों के धरने के कारण आम लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़ रहा है। इसे लेकर चंडीगढ़ पुलिस ने नया रूट प्लान भी जारी किया है। किसानों के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सीटू वर्कर भी धरनास्थल पर पहुंच चुकी हैं और इनकी संख्या अभी 300 के आसपास बताई जा रही है।किसान आंदोलन में दर्ज मुकदमे लिए जाएं वापिस एमएसपी की गारंटी के लिए बनाया जाए कानून पराली जलाने पर जिन किसानों पर केस दर्ज हुआ है उन्हें भी लिया जाए वापस

## संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय का दीक्षांत: राज्यपाल ने की बड़ी घोषणा, अब घर बैठे मिलेगी डिग्री




समारोह शुरू होने से पहले राज्यपाल ने जैसे ही बटन दबाया 14,167 उपाधियां डिजीलॉकर में अपलोड हो गईं। राज्यपाल ने कहा कि यह तो बस शुरुआत भर है। प्रदेश के 32 विश्वविद्यालयों में इस व्यवस्था को पूरी तरह से लागू किया जाएगा।राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा कि छात्र-छात्राओं को डिग्रियों के लिए विश्वविद्यालय के चक्कर नहीं काटने होंगे। जल्द ही छात्र-छात्राओं को डिग्रियां ऑनलाइन मिलने लगेंगी। दीक्षांत समारोह के साथ ही उपाधियों को डिजीलॉकर पर अपलोड कर दिया जाएगा। शनिवार को शुरुआत संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के 41वें दीक्षांत समारोह से हुई।समारोह शुरू होने से पहले राज्यपाल ने जैसे ही बटन दबाया 14,167 उपाधियां डिजीलॉकर में अपलोड हो गईं। राज्यपाल ने कहा कि यह तो बस शुरुआत भर है। प्रदेश के 32 विश्वविद्यालयों में इस व्यवस्था को पूरी तरह से लागू किया जाएगा। इस सुविधा के शुरू होने के बाद छात्र-छात्राएं देश में कहीं से भी अपनी डिग्री और उपाधि प्राप्त कर सकेंगे। इससे उन्हें चक्कर काटने से निजात मिलेगी। साथ ही राज्यपाल ने संस्कृत के ऑनलाइन प्रशिक्षण केंद्र का भी उद्घाटन किया। प्रदेश सरकार ने ऑनलाइन प्रशिक्षण केंद्र व लैब के लिए एक करोड़ 16 लाख रुपये दिए हैं। इस केंद्र से लोग घर बैठे संस्कृत के 10 पाठ्यक्रमों का अध्ययन कर सकेंगे। ज्योतिष, कर्मकांड, संस्कृत भाषा शिक्षण, ज्योतिष वास्तु विज्ञान, योग, व्याकरण, दर्शन, वेदांत की ऑनलाइन कक्षाएं चलेंगी।

## 'पता नहीं कब निकलेंगे', उत्तरकाशी स्थित सुरंग में फंसे मजदूरों के परिजन हताश; जताई चिंता

उत्तरकाशी जिले में सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को बचाने का काम जारी है। लगातार बचाव दल द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन किया जा रहा है। फंसे मजदूरों में झारखण्ड के रहने वाले मजदूर भी शामिल हैं। इसी बीच, बचाव में देरी को लेकर झारखण्ड स्थित खीरबेड़ा के ग्रामीण खासा चिन्तित दिखाई दे रहे हैं। ड्रिलिंग करने वाली ऑगर मशीन के ब्लेड मलबे में फंस गए, जिसके कारण बचाव कार्य में लगे दल को अन्य विकल्प पर विचार करना पड़ा।



कयास यह लगाए जा रहे हैं कि 41 मजदूरों के बाहर निकलने में अभी भी देरी है। उत्तरकाशी स्थित सुरंग में फंसे मजदूरों के परिजन खासा निराश दिखाई दे रहे हैं। परिजनों ने कहा, हर दिन सिर्फ हमें यह सुनने को मिलता है कि सिर्फ दो घंटे ही बचे हैं। लेकिन हमें नहीं पता कि ओर कितना समय लगेगा देरी पर उठाए सवाल, परिवार वाले होने लगे हताश- सुरंग के फंसे राजेंद्र के पिता श्रवण तक जब देरी की बात पहुंची तो खासा हताश दिखाई दिए। बता दें श्रवण के पिता लकवाग्रस्त। बता दें राजेंद्र के अलावा गांव के अन्य मजदूर भी दो सप्ताह से सुरंग के अंदर फंसे हुए हैं। वहीं अन्य मजदूर सुखराम के मां को जब इस बारे में पता चला तो वह गमगीन हो गई हैं। वहीं अनिल की मां घटना की सूचना के बाद से बीमार है। परिजन बोले, पता नहीं ओर कितना समय लगेगा- सुरंग में फंसे अनिल के भाई सुनील ने कहा कि हर दिन, सिर्फ दो घंटे ही सुनने के लिए मिल रहा है। हमें नहीं पता कि इसमें कितना समय लगेगा। हम बस उनके आने की दुआ ही कर रहे हैं। सुनील घटना के बाद से ही घटना स्थल पर मौजूद हैं, जहां रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। वहीं सुरंग में फंसे सुखराम की बहन खुशबू ने कहा, घटना के बाद से ही पूरा गांव सदमे में है। हर कोई बचाव अभियान की जानकारी के लिए लगातार संपर्क कर रहे हैं। बता दें घटना में बचाव कार्य 12 नवंबर से शुरु हुआ। यह निर्माणाधीन सुरंग चारधाम मार्ग का एक हिस्सा है लेकिन भूस्खलने के बाद इसका एक हिस्सा ढह गया। कारण मौजूद मजदूर भीतर ही फंस गए।

## संपादकीय Editorial

# Mythological stories are not history

Nowadays there is a discussion going on about teaching 'Ramayana' and 'Mahabharata' in the school curriculum. If the recommendation of the Affiliated Committee of the National Council of Educational Research (NCERT) is accepted, both these great epics will be taught in 'History' classes in schools. There may be some cultural and religious confusion here, because such mythology is considered different from history in Indian culture. The history also contains details of Alexander-Porus, Chandragupta Maurya, Hun, Yavana, Mughal and English empires. Who ruled India for how many years? Who attacked and looted the country? What were the names and periods of the empires? How many endless periods of war, violence and killings has India seen and endured? History can be their documentary compilation. While giving their details, the thinking and vision of the historians have also been different, hence there are differences and gaps in the facts and analyses. 'Ramayana' and 'Mahabharata' are completely different from these. They are creative works. The poetics has been structured on their basis. Of course there are stories in these epics too. In these epics too, apart from stories, there are empires and wars, but their characters are not the characters of invaders in India, they are Indians, hence both the epics have settled in our every pore. There are two mythological characters in these – Ram and Krishna. He is also the faith deity of millions of people in India and many other countries. He is an incarnation, hence Maryada is Purushottam and Girdhar. In fact, India's faith, spirituality and culture are related to mythological stories and characters. Of course, the common man may not be aware of historical facts, but he accepts Ram and Krishna as 'adorable' and hence knows 'Ramayana' and 'Mahabharata' very well. In view of this, there is no justification for teaching these two epics in summary in the school curriculum. If students are taught how accepting, syncretic and Dalit-backward great leader Ram was, it will be meaningful. Similarly, if important commentaries of 'Geeta-Upadesh' are taught in the context of 'Mahabharata', then our next generation will be able to understand Indian culture and past in depth. In this context, a summary study of our Puranas, Upanishads and four Vedas will also be important. The world studies these ancient texts and conducts research in their own languages, but these texts are missing from our school curricula. If 'Ramayana' and 'Mahabharata' are taught in the light of Hinduist thinking and politics, then the ruling BJP can play anything with history. Of course there will be opposition to this, ultimately for how long can the reading and reading of 'Ramayana' and 'Mahabharata' be stopped? Both these epics are far above gross and formal history. These events are more than 2500 years old. At that time there were neither any foreign invaders nor any historians and history writers. Since Ram and Krishna played the role of narrator in both the historical events, hence we have been learning about life, relationships, morality, power, truth and purity etc. from these mythological stories. We have been taking refuge in these stories, they provide us security and spiritual relief. These stories also give us support. Mythology makes us tolerant, but history divides us. However, if some mythical faces are studied, then the revolutionary stories of those freedom fighters should also be included in the curriculum, due to whose sacrifices we are independent.

# Constitution: Seventy-four years of development journey, our record on this path is better than 50 countries

Over the years, we have tried to follow all the ideals of the Constitution and in most cases our record has been excellent. Out of the nearly 50 countries that became independent with us, democracy has not been able to make the same inroads into people's lives that it has in our country. Seventy-four years ago on November 26, 1949, we enacted and adopted our Constitution. This is not considered a very big period in the life of a nation, but in these years the foundation for the future of that nation is prepared. The first few decades are relatively more important in terms of legal development, because in these the new structure of the legal system is prepared, the tradition of assimilating it is developed and the direction of judicial interpretation of the law is decided. Through the Constitution, we declared our nation a sovereign, democratic republic and pledged to provide social, economic and political justice to all citizens. We envision a society in which there is freedom of thought, expression, belief, religion and worship as well as equality of status and opportunity for all citizens. The Constitution is a document of promise of freedom and prosperity. The Constitution also gives us the freedom and passion to dream and build a society accordingly. It is not only full of black and white letters, but it is also a written message for good governance. But the responsibility of strengthening it has to be discharged by its citizens. Through our Constitution, our ancestors had dreamed of Ramrajya, in which everyone would be equal. Everyone should remain within the limits of law. Serve the people by considering the state power as Ram's throne and considering yourself as his servant. The law should be followed impartially. There should be no fear of anyone while taking decisions and no greed for anything should distract them. In the past years, we have tried to follow all the ideals of the Constitution. And in most cases our record has been excellent. Out of the nearly 50 countries that became independent with us, democracy has not been able to make the same inroads into people's lives that it has in our country. Democracy has never been able to breathe in the open air in any of our neighboring countries like Pakistan, Afghanistan, Myanmar, Sri Lanka and Bangladesh. He was always afraid of the bayonets of military dictatorship. Meanwhile, we have been witness to the glorious moments of graceful transfer of power at the Center through general elections seventeen times. The standard of living of the common man has improved. Indians have left a mark of their potential all over the world. We are viewed with respect at the international level. Despite this, there have been moments when we have tampered with the dignity of the Constitution, hurt it and disrespected it. This conduct of ours has hurt the reputation of the Constitution and our democracy. We need to pay attention to them. There is a need to correct those defects. Our Constitution is a living document of social and economic justice. The efforts made in the years after independence are vivid examples of this. Historical achievements like abolition of Zamindari are recorded in golden letters in the nation's account. This happened for the first time in the history of the world, when land was taken from a few thousand landlords and given to lakhs of landless farmers and all this happened peacefully without shedding anyone's blood. There is no other example in the world where such comprehensive land reforms have been carried out so peacefully. Whatever the communist countries were not able to achieve in the field of land reforms even after shedding the blood of millions of their citizens, we implemented it peacefully, the benefits of which are being enjoyed by the entire country today. Education is the cornerstone of social innovation. It opens the door to a new world of knowledge, helps in developing independent thinking, takes one out of the darkness of misconceptions and increases self-confidence and self-respect. It has been given the status of a fundamental right under Article 21(A) of the Constitution. Efforts are being made to ensure the responsibility of the states, so that no child remains uneducated, there is no hindrance in his progress. This is a huge step. Article 370 and invisible Article 35(A) of the Constitution were like a thorn stuck in our heart. The meaningful initiative taken in this direction four years ago gave scope to equality, freedom and self-respect. The biggest obstacle in dealing with separatism in Jammu and Kashmir has been removed. The resolve of one nation, one constitution and one symbol was fulfilled. Now no permit is required to go there. Like other parts of the country, anyone from the rest of India can now settle there and buy property. Women got equal rights and deprived and exploited people got the right to reservation. Articles 370 and 35(A) were symbols of our political defeat. The country has achieved an unprecedented achievement by removing it from the Constitution. Dr. Bhimrao Ambedkar, in his speech given in the Constituent Assembly on November 25, 1949, had said that the success of the Constitution of any country depends on the character and intentions of the citizens of that country and those who administer the Constitution. He had further said that no matter how good the Constitution is, if those who run it do not have dedication to the values of the Constitution and the passion to implement it, then the Constitution will remain just a set of lifeless letters. On the contrary, if there is something missing in a constitution, but the people who follow it, If we are loyal to the objectives of Paddy, then we will create a vibrant society by removing those shortcomings. Our experience of the last 74 years has shown Dr. Ambedkar's statement to be true literally. Our devotion to the high ideals of the Constitution has taken us to the front lines over the years. We have failed only where our citizens and our ruling class have ignored the values of the Constitution.

# How will Modi get electoral benefit from Digital India Mission?

According to the Ministry of Social Justice, till now more than 59 lakh people have got the benefit of free legal advice under the tele law service being run by the Justice Department and CSC-SPV... In this election environment, all the meetings of Prime Minister Modi And his Digital India Mission is coming in handy during the programs. Recently, the benefits of this mission were visible during Modi's programs and Tribal Gaurav Yatra, which reached among the tribals of Jharkhand. While enumerating the achievements of the two innings of his government, the strong support base visible for Modi in these tours is that of the rural entrepreneurs of Common Service Centers (CSCs) running in rural and tribal areas, whose number is now more than twenty lakhs. It has become too much. There are about five and a half lakh CSCs running across the country and many people are associated with each CSC. The objective of these centers is to provide the benefits of government schemes by providing e-governance facilities to the people, especially in the villages of the country. The Ministry of Electronics and Information Technology has created a large network of Common Service Centers (CSC) under the Digital India programme. If we talk about the government claim, then Minister of State for Electronics and Information Technology Rajeev Chandrashekhar had said in Parliament in response to a question that till February 2022, 4,63,705 CSCs are working across the country, in which about 15 lakh people work. .

Most of the approximately 2.5 lakh gram panchayats in the country are connected to this service and are run by village level entrepreneurs i.e. VLEs. Generally, there are lakhs of people in the country who have to wander around with all the documents like Aadhar Card, PAN Card, Voter ID, Driving License, Birth or Death Certificate, Caste or Residence Certificate. Although you will find many such centers in many cities which charge huge amount for making these documents, but officially CSC does this work and through this it provides all these facilities to the people for free. And now the work of providing free legal aid is also being done through it. According to the Ministry of Social Justice, till now more than 59 lakh people have got the benefit of free legal advice under the Tele Law service being run by the Justice Department and CSC-SPV. If you go to the International Trade Fair going on at Pragati Maidan in Delhi, you will find CSC volunteers in the MSME stalls there. According to him, he has benefited a lot from this program and it is an important scheme of the Modi government. He says that although this scheme was started in 2009 during the Congress government, but after CSC 2.0 in 2015, under the Digital India program, it gained tremendous momentum and it expanded to every village. This scheme has expanded especially among women and disabled people in remote tribal areas. One such beneficiary is Pawan Thakur of Jharkhand. Despite being disabled, he along with himself improved the lives of his villagers by becoming a rural entrepreneur i.e. VLE. Raghunathpur village of Pawan Thakur is tribal dominated and extremely backward.

There is neither smartphone nor internet facility. But by opening a CSC in this village, he is providing digital education to more than 500 students from here and nearby villages and is also providing all the facilities. In this era of internet and mobile, on one hand the government is trying to provide benefits of all kinds of government services by connecting everyone with e-governance, on the other hand, many such fake centers are also running in some parts of the country, which claim to be working under the government. They are cheating people in the name of getting their work done easily by claiming that they are part of the Common Service Center (CSC). According to Sanjay Rakesh, Managing Director and CEO of CSC SPV, in recent years there have been many cases of people being duped by fake helpline numbers using the name of CSC, hence people need to be aware and do thorough investigation regarding this. You should share your information. In fact, with the rapid work that has been done under the Digital India Mission since July 2015, a long process from financial transactions to e-commerce and e-shopping has started. Gradually it has become everyone's need. Of course, many stories of fraud and cheating have also come to light in such a situation, but the government has also started a campaign to make people aware to deal with it. Obviously the Modi government has a long list of all its schemes and achievements. Of course, Congress may claim that all these schemes were started during its time, but the way the Modi government increased the pace of its work by marketing it and tried to inculcate in the minds of the people that the country changed only after the arrival of Modi. Yes, the coming elections are now going to test these claims.

# डेढ़ लाख से अधिक लोगों की हुई स्क्रीनिंग, पांच टीबी संक्रमित मिले

## 1,382 संदिग्ध पाए, 441 लोगों का बलगम का टेस्ट हुआ



मुरादाबाद- सक्रिय क्षय रोग खोजी अभियान की टीमें घर-घर जाकर कुंडी खटखटा रही है। लक्षणों के आधार पर संदिग्ध टीबी रोगियों की पहचान कर उनके बलगम की जांच कर रही है। टीबी की पुष्टि होने पर 48 घंटे में रोगी के घर पर उपचार प्रदान कर रही हैं। दो दिनों में डेढ़ लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग हुई। जिसमें टीबी संक्रमित मिले। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एन के कुरैचया ने बताया कि जिले में टीवी रोगी सक्रिय अभियान में लक्षणों के आधार पर 1,58,235 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। जिसमें 1,382 संदिग्ध पाए। इसमें से 441 लोगों का बलगम का टेस्ट किया गया। जिसमें सात टीबी के मरीजों की पुष्टि हुई।

इसमें एक का उपचार शुरू कर दिया गया है। बाकि को आगामी 48 घंटे के भीतर उपचार किया जाएगा। डीपीसी डॉ. मुहम्मद जावेद ने बताया कि 335 टीम लगाई गई है। दो दिनों में 1735 स्थानों पर जाकर लोगों की स्क्रीनिंग की है। बैनर पोस्टर और होडिंग लगा कर टीबी के लक्षण लोगों को बताए जा रहे हैं

ताकि प्रारंभिक अवस्था में ही टीबी रोग की पहचान की जा सके। और टीबी से ग्रस्त रोगी अन्य स्वस्थ लोगों में टीबी का जीवाणु न फैल सके। जो टीबी ग्रस्त हैं उनको उपचार सुगमता से उपलब्ध कराया जाए और पोलियो की तरह टीबी को भी जड़ से समाप्त किया का सके।

# कांग्रेस कार्यालय पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं व दलित नेताओं को किया सम्मानित




मुरादाबाद- कांग्रेस कार्यालय में संविधान दिवस पर सम्मानित किए गए अधिवक्ताओं व पार्टी के दलित नेताओं के साथ जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद व अन्य संविधान दिवस पर रविवार को कांग्रेस के गंज गुरहट्टी स्थित जिला कार्यालय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ अधिवक्ताओं और वरिष्ठ दलित नेताओं को जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने माला पहनाकर सम्मान किया। जिलाध्यक्ष ने अमीरुल हसन जफर अधिवक्तता अध्यक्ष पूर्व जिला बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी, श्याम सरन एडवोकेट, अरशद परवेज एडवोकेट और दलित नेता श्याम बाबू वाल्मीकि, भयंकर सिंह बौद्ध, मंगल सेन ,राजेंद्र वाल्मीकि, डॉ. नरेश माला पहनाकर स्वागत किया। सबको संविधान की सुरक्षा करने की शपथ दिलाई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमारा भारतीय संविधान दुनिया में सबसे श्रेष्ठ है। दुनिया के सभी धर्म का सम्मान करता है।आज ही के दिन बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर ने संसद में संविधान पारित कराया था। भारतीय संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने सम्मान के बाद उद्देशिका पढ़ने के बाद संविधान सुरक्षा की शपथ ली। संविधान दिवस की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में अनूप दुबे, हाजी अकरम, मौअजम अली, मोहम्मद नाजिम, शहजाद खान, कामिल मंसूरी, शरीफ आजाद, असलम कादरी, परवेज अली, सलमान, नदीम अहमद, सिकंदर, अफाक अंसारी, सुरेश चंद्र सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

# गणित के सवाल पर बच्चे गोल, शिक्षकों का डीएम ने रोका वेतन



मुरादाबाद- प्राथमिक विद्यालय अक्का डिलारी में पढ़ाई का माहौल न मिलने पर प्रधानाध्यापिका को निलंबित करने का आदेश जिलाधिकारी ने शनिवार को मूंढापांडे विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय डिलरा रायपुर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षा 4 में बच्चों से गणित के सवाल लिए, जिस पर बच्चे गोल हो गए। किसी ने संतोषजनक उत्तर नहीं दिया। शैक्षणिक गुणवत्ता का स्तर खराब मिला। जिलाधिकारी ने विद्यालय के सभी शिक्षकों का वेतन रोकने का आदेश दिया। जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय डिलरा रायपुर में शैक्षणिक गुणवत्ता पर हैरत जताई। कहा कि जब तक पढ़ाई का स्तर सुधर न जाए शिक्षकों को वेतन नहीं मिलना चाहिए। उन्होंने विद्यालय परिसर में बने दो आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। जिसमें एक खुला और दूसरा बंद था। बंद आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकत्री कविता से स्पष्टीकरण मांगा और मानदेय भुगतान रोक दिया। स्कूल में 8 शिक्षकों में से 2 अनुपस्थित मिले। जिस पर दोनों का वेतन रोकने के लिए कहा। रसोईघर में खाने की गुणवत्ता चेक की। यहां मेन्यू के अनुसार सोयाबीन और चावल बनना था, लेकिन सब्जी केवल आलू की बनी थी। गुणवत्ता खराब होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। प्राथमिक विद्यालय अक्का डिलारी में 88 बच्चों पर 6 शिक्षक कार्यरत होने की जानकारी मिली। प्रधानाचार्य इशरत बानो अनुपस्थित थीं। पढ़ाई का कोई माहौल नहीं मिलने, मध्याह्न भोजन अधोमानक पाए जाने पर प्रधानाध्यापिका को निलम्बित करने का आदेश दिया। कक्षा-3 में बच्चों से किताब पढ़वाई तो वह नहीं पढ़ पाए। जिलाधिकारी ने सभी शिक्षकों का वेतन रोक दिया। प्राथमिक विद्यालय चमरौआ में प्रधानाचार्य अनुपस्थित मिलीं। पढ़ाई का स्तर बेहद खराब मिला। पानी की टोटियां भी टूटी थीं।

### थाना समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी अनुपस्थित

जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में विकास खण्ड मूंढ़ापांडे में थाना समाधान दिवस आयोजित हुआ। थाना दिवस में उपजिलाधिकारी सदर अनुपस्थित रहे। डीएम ने नाराजगी जताई। थाना प्रभारी से कहा कि दोनों पक्षों को थाने में बुलाकर समझा-बुझाकर प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कराएं।

थाना समाधान दिवस में अधिकांश मामले चकबंदी के आए। नये चक पर कब्जे की शिकायत थी। लेकिन बगैर किसी आदेश के राजस्व कर्मी कब्जा नहीं दिला सकते हैं। इसलिए ऐसे प्रकरण चकबंदी के अधिकारियों को संदर्भित करने का निर्देश दिया। कहा कि चकबंदी अधिकारियों का दायित्व है

कि शिकायतकर्ता को कब्जामुक्त सुनिश्चित कराएं। चकबंदी के मामलों का निस्तारण करने के लिए विभाग की एक टीम गठित करने के लिए कहा।

# मुरादाबाद में स्पेशल ट्रेन को रोकने पर यात्रियों का हंगामा, पंजाब में चल रहे किसान आंदोलन का असर



मुरादाबाद-मुरादाबाद मंडल से गुजरने वाली ट्रेनों को रद्द करने से यात्रियों का गुस्सा भड़क उठा। उन्होंने स्टेशन पर हंगामा काटा। अधिकारियों ने बताया कि पंजाब में किसानों के आंदोलन के कारण ट्रेनों को रास्ते में ही रोकना पड़ा है। सभी लोगों को रिफंड करवाया जा रहा है। पंजाब में रेलवे ट्रैक पर किसानों के आने के कारण मुरादाबाद मंडल में भी ट्रेनों का संचालन बाधित हुआ। शनिवार को मुरादाबाद में जनसेवा, जम्मू तवी सुपरफास्ट और एक स्पेशल ट्रेन को रोका गया, जिससे रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ जुट गई। अचानक ट्रेन रुकने की वजह से यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर जीआरपी, आरपीएफ रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंच गए। हंगामे को देखते हुए टिकट के रिफंड के लिए काउंटर खोल दिए गए। इसके बाद ही यात्री शांत हुए और अन्य वाहनों से आगे के लिए रवाना हुए। बिहार के बनमंखी और अमृतसर के बीच चल रहने वाली जनसेवा( 14617 ) शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर पहुंची। यहां आकर यात्रियों को पता चला कि ट्रेन आगे नहीं जाएगी, जिससे तमाम यात्री परेशान हो गए। वह ट्रेन से उतरकर टीटीई कक्ष में पहुंच गए। उन्होंने ट्रेन के आगे नहीं जाने का कारण पूछा। तब उन्हें बताया गया कि पंजाब में किसान आंदोलन कर रहे हैं, जिस कारण ट्रेन रोकी गई है। अमृतसर जा रहे विजय सिंह ने बताया कि रेलवे ने पहले से इसकी जानकारी नहीं दी थी। मुरादाबाद पहुंचने पर उन्हें बताया गया है। सभी यात्रियों को समझाकर शांत कराया गया। इसके बाद गोरखपुर से अमृतसर के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन ( 05005 ) 10 बजकर 46 बजे मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पहुंची। उसे भी रोक दिया गया। इसके बाद ट्रेन आगे नहीं गई। यात्रियों को बताया गया कि ट्रेन यहां से वापस जाएगी। यात्रियों ने रेलवे स्टेशन पर हंगामा किया। इसकी जानकारी मिलने पर रेलवे अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और जीआरपी, आरपीएफ को भी बुला लिया गया। हंगामा करने वाले यात्रियों को बताया गया कि उन्हें रिफंड दिया जाएगा। गोरखपुर से अमृतसर जा रहे राजपाल सिंह ने बताया कि रेलवे की ओर से ट्रेनों को रोकने के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। मुरादाबाद में काफी समय तक ट्रेन रुकने के बाद इसकी जानकारी हुई। रेलवे को यात्रियों के लिए किसी दूसरी ट्रेन की व्यवस्था करनी चाहिए थी। गोरखपुर के हनुमान उपाध्याय ने बताया कि पंजाब में आंदोलन चल रहा है तो इतनी दूर ट्रेन क्यों रोकी गई। रेलवे के इस निर्णय से यात्रियों को काफी परेशानी हुई है। आंदोलन स्थल से कुछ स्टेशन पहले ट्रेनों को रोकते तो यात्रियों को ज्यादा परेशानी नहीं होती। वहीं दोपहर 12 बजे कानपुर से जम्मू जाने वाली जम्मू तवी सुपरफास्ट ( 12469 ) पहुंची उसको भी रोक दिया गया। इसके यात्री भी मुरादाबाद में ही उतर गए। उन्हें रिफंड दिया गया। ये ट्रेनें रहीं रद्द- ( 05006 ) अमृतसर से बनमंखी के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन, ऋषिकेश से गंगा नगर के बीच चलने वाली ( 14816 ) ट्रेन शनिवार को रद्द रहीं। इन ट्रेनों को किया गया बहाल- सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह ने बताया कि शनिवार शाम 4 बजकर 40 मिनट पर आंदोलन खत्म होने पर ट्रेन संचालन शुरू कर दिया गया है।( 04651 ),( 04652 ) अमृतसर जयनगर क्लोन, अमृतसर से दरभंगा के बीच चलने वाली ( 15212 ) जननायक एक्सप्रेस, जयनगर से अमृतसर के बीच चलने वाली 14649 सरयू यमुना एक्सप्रेस बहाल कर दी गई है। उन्होंने बताया कि मुरादाबाद में रोकी गई ट्रेनों के यात्रियों को टिकट का पूरा रिफंड कर दिया गया है।

बीच सफर में फंस गए 3200 यात्री- मुरादाबाद रेलवे स्टेशन में शनिवार को यात्रियों की गहमागहमी रही। पंजाब में आंदोलन की वजह से मुरादाबाद में तीन ट्रेनें रोकी गईं। जिसकी वजह से 3200 यात्री बीच सफर में ही फंस गए। मुरादाबाद पहुंची एक ट्रेन में 900 और दूसरी ट्रेन में 1100 और तीसरी ट्रेन में करीब 1200 यात्री थे। इन यात्रियों में कुछ यात्री रोडवेज बस अड्डे पर पहुंचे, जिससे वहां भी भीड़ बढ़ गई। यहां उन्होंने अपने-अपने स्थानों पर जाने के लिए जानकारी प्राप्त की।

# पति के दोस्त से दिल लगा बैठी चार बच्चों की मां... शादी की जिद पर अड़ी; बोली- मुझे नहीं मिला पिया का सुख

मुरादाबाद-मुरादाबाद में चार बच्चों की मां पति से तलाक लेना चाहती हैं। वह पति के दोस्त से शादी करना चाहती है। उसका कहना है कि पति से विचार नहीं मिल रहे हैं। महिला तलाक लेने के लिए कोर्ट पहुंची थी। तलाक में आने वाले खर्च को लेकर पति और पत्नी के बीच कहासुनी हो गई। मुरादाबाद के कुंदरकी थाना इलाके के एक गांव निवासी महिला शनिवार को अपने पति के साथ बिलारी तहसील में पहुंची। पति से तलाक लेने की बात कहने लगी। इस बीच तलाक में होने वाले खर्चे को लेकर पति-पत्नी झगड़ने लगे। हालांकि परिजनों ने दोनों को शांत करा दिया। वहीं कुछ देर बाद ही बरेली जिले के फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र का रहने वाला महिला का प्रेमी भी तहसील में पहुंचा। महिला का कहना था कि वह अपने प्रेमी के साथ रहना चाहती है। उसके पति के साथ विचार नहीं मिल रहे है। इसलिए पति से तलाक लेना चाहती है। इसी को लेकर दोनों कानूनी रूप से तलाक लेने के लिए तहसील में पहुंचे है। इस दौरान दोनों के परिजन भी साथ रहे। वहीं तलाक में होने वाले खर्चे को लेकर पति-पत्नी में झगड़ा शुरू हो गया। दोनों आपस में गाली-गलौज करने लगे। हालांकि परिजनों के कहने पर दोनों शांत हो गए। वहीं महिला का पति उसके साथ रहना चाहता है, जबकि महिला इसके लिए राजी नहीं है। जानकारी के मुताबिक महिला का पति और उसका प्रेमी दोनों ही मुरादाबाद की एक फैक्टरी में मजदूरी करते थे। इस दौरान दोनों में दोस्ती हो गई और दोस्त का महिला के पति के घर आना-जाना होने लगा। इस बीच महिला के पति के उसके दोस्त के साथ प्रेम-प्रसंग हो गए। महिला के पति से चार बच्चे हैं। महिला अब प्रेमी के साथ रहना चाहती है। वहीं महिला के पति ने कुंदरकी थाने में पत्नी और उसके प्रेमी के खिलाफ शिकायती पत्र भी दिया गया है। अपराध निरीक्षक संजीव कुमार का कहना है कि दो पक्षों में विवाद को सुलझाने के लिए बातचीत चल रहे है, अगर सहमति नहीं बनती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। महिला बोली, मुझे नहीं मिला पति का सुख- प्रेमी के साथ जिदंगी गुजारने की जिद पर अड़ी महिला का कहना था कि वह अपने पति को निभाती रही थी, लेकिन उसको पति का सुख नहीं मिल। खुद मेहनत मजदूरी कर घर को चलाया है। महिला बोली कि वह पति को नहीं छोड़ रही है, बल्कि पति ही उसको छोड़ रहे हैं। इसी बीच महिला के प्रेमी को उसको दिलासा देते हुए शांत किया। उधर, परिजनों के मुताबिक महिला और उसके प्रेमी अलग-अलग जाति के हैं। बच्चों को घर पर ही छोड़कर आए थे दोनों - प्रेमी के साथ जाने की जिद कर रही महिला ने अपने चारों बच्चों को घर पर छोड़ दिया है। बताते कि करीब 16 साल पहले महिला की शादी हुई थी। उसके चार बच्चों में सबसे बड़ी बेटी 14 साल की बताई गई है। प्रेमी के साथ अगर महिला चली जाती है, तो बच्चे भी मां के प्यार से महरूम हो सकते हैं। इनके भविष्य पर भी महिला के पति से वैवाहिक संबंध खत्म होने का असर पड़ सकता है।

# युवक को प्यार का नाटक पड़ा महंगा, घर पहुंची प्रेमिका तो मच गया हंगामा.. पुलिस देख परिजनों ने करवाया निकाह

मुरादाबाद-रामपुर के मिलक क्षेत्र के एक गांव में युवक और युवती के बीच लंबे समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। युवती शादी को लेकर लगातार प्रेमी पर दबाव बना रही थी। युवक उससे लगातार बहाने बना रहा था। इससे नाराज होकर युवती उसके घर पहुंच गई। हंगामा मचने के बाद दोनों के परिजनों ने उनका निकाह करवा दिया। मिलक में प्रेमी के घर प्रेमिका अचानक पहुंच गई। उसे देखकर प्रेमी और उसके परिजनों के होश उड़ गए। प्रेमिका अपने युवक से शादी की जिद पर अड़ गई। परिजनों और रिश्तेदारों ने युवती को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं मानी। घर वालों के दबाव डालने पर युवती ने पुलिस को फोन कर दिया। इसके बाद पुलिस कर्मी मौके पर पहुंच गए। युवती और उसके परिजनों को पुलिस ने समझाया। इसके बाद युवक और युवती का निकाह कर दिया गया। घटना कोतवाली क्षेत्र के धर्मपुरा इलाके की है। गांव निवासी एक युवती का पड़ोसी युवक से प्रेम प्रसंग लंबे समय से चल रहा था। युवक से शादी करने के लिए युवती लगातार करते हुए आ रही थी। इसके बाद भी युवक आए दिन कोई ना कोई बहाना करके शादी करने से इनकार कर देता। लगातार युवक की तरफ से शादी के लिए टाल-मटोल करने से युवती नाराज हो गई।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को संविधान की प्रस्तावना को पढ़वाकर संविधान बचाने का संकल्प दिलवाया

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा-उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग द्वारा 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद मुनीर अकबर के नेतृत्व नीमाखेढ़ा गांव के 26 नवम्बर यानी संविधान दिवस तक चलने वाले इस अभियान के अंतिम दिन आज मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को संविधान की प्रस्तावना को पढ़वाकर संविधान बचाने का संकल्प दिलवाया गया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद मुनीर अकबर ने कहा कि संविधान दिवस के अवसर पर हमें न सिर्फ स्वतंत्र भारत का नागरिक होने की अहसास होता है बल्कि संविधान में उल्लिखित मौलिक अधिकारों से हमें अपना हक मिलता है और साथ ही लिखित मूल कर्तव्यों से हमें नागरिक के तौर पर अपनी जिम्मेदारियों की भी याद दिलाता है। संविधान सभा ने 26 नवम्बर 1949 में अपना काम पूरा कर लिया और 26 जनवरी 1950 को यह संविधान लागू हुआ। संविधान लिखने वाली सभा में 299 सदस्य थे जिसका अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद थें। और संविधान सभा के मसौदा समिति के अध्यक्ष डॉ भीमराव अंबेडकर थें। संविधान सभा के 299 सदस्यों में, 284 सदस्य ने संविधान पर हस्ताक्षर किए हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद मुनीर अकबर ने कहा कि आज की केन्द्र सरकार द्वारा संविधान में छेड़छाड़ करना चाहती हैं कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में संविधान को बचाने के प्रदेश जनजागरण अभियान चलाया और कांग्रेस की नीतियों के बारे में बताया कहा कांग्रेस पार्टी संविधान पर चुप बैठने वाली नहीं यह लड़ाई कांग्रेस जमीन से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक लड़ेगी इस संविधान दिवस पर डॉ. भीम राव अम्बेडकर को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने संविधान सभा की मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर मौलाना अबुल कलीम सिद्दीक़ी ने संविधान का प्रस्तावना का संकल्प दिलवाया, रहमत अली, वसीम अहमद फजरू खां और बच्चे आदि

# मुस्लिम से हिंदू बनी खुशबू को अगवा कर ले गए मायके वाले, बरेली के युवक से किया था प्रेम विवाह



भदोही की खुशबू बानो ने हिंदू धर्म अपनाने के बाद बरेली के युवक से प्रेम विवाह किया था। उसके पति का आरोप है कि शनिवार को खुशबू के मायके वाले आए और उसे अगवा कर ले गए। पति ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। भदोही (संत रविदासनगर) की निवासी खुशबू बानो उर्फ खुशबू सक्सेना को उसकी मां और भाई बरेली के भोजीपुरा स्थित ससुराल से अगवा कर ले गए। खुशबू ने धर्म परिवर्तन कर विशाल सक्सेना से प्रेम विवाह किया था। पति विशाल ने भोजीपुरा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। भोजीपुरा पुलिस भदोही पुलिस से संपर्क कर पीड़ित की मदद में जुटी है।24 साल की खुशबू बानो का फेसबुक के जरिये विशाल सक्सेना से संपर्क में हुआ था। दोनों में दोस्ती हुई और फिर प्यार हो गया। पिछले माह 11 अक्तूबर को वह विशाल के साथ बरेली आई और अगस्त मुनि आश्रम पहुंची। यहां पंडित केके शंखधार के सामने उसने धर्म परिवर्तन कर विशाल से शादी कर ली। हिंदू धर्म अपनाने के बाद खुशबू बानो ने अपना नाम खुशबू सक्सेना रख लिया था। खुशबू ने कहा था कि मैं आजीवन हिंदू बनकर रहूंगी, मेरी इस धर्म के प्रति बचपन से आस्था है। हिंदू धर्म अपनाने के बाद तीन तलाक व हलाला जैसी कुरीतियां से मुक्ति मिलेगी।

खुशबू को ऑटो में डालकर ले गए आरोपी - विशाल ने अब भोजीपुरा थाना प्रभारी को बताया कि शनिवार को वह काम पर गया था। उसके माता-पिता भी घर पर नहीं थे। भाभी बीमार हैं। उसी दौरान खुशबू की मां और भाई उनके घर में घुस गए। वह दोनों खुशबू को जबरन ऑटो में डालकर साथ ले गए। विशाल ने खुशबू के भाई से फोन पर बात की तो उसने धमकाया कि खुशबू उनके घर से नकदी व जेवर भी लेकर आई थी, उन्हें खुशबू से यह भी लेना है। विशाल ने एसपी देहात मुकेश चंद्र मिश्रा से भी शिकायत की। उन्होंने भोजीपुरा इंस्पेक्टर को कार्रवाई का निर्देश दिया है।

# न्यायालय के आदेशानुसार करीब 1,94,120 रुपए की अवैध शराब का कराया विनष्टीकरण



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-शराब माफियाओं के कारनामों पर बड़ी कार्यवाही, थाना जलेसर पुलिस ने माननीय न्यायालय के आदेशानुसार करीब 1,94,120 रुपए की अवैध शराब का कराया विनष्टीकरण।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री राजेश कुमार सिंह के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री धनंजय सिंह कुशवाह एवं अपर पुलिस अधीक्षक (अपराध) श्री विनोद कुमार पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में माल निस्तारण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 25.11.2023 को माननीय न्यायालय से आदेश प्राप्त कर श्रीमान उप-जिलाधिकारी जलेसर श्री पवन तेवतिया, क्षेत्राधिकारी जलेसर श्री राघवेंद्र सिंह राठौर की उपस्थिति में थाना जलेसर पुलिस द्वारा 78 विभिन्न अभियोंगों से सम्बन्धित कुल 53 पेटी अंग्रेजी व देशी शराब जिनकी अनुमानित कीमत करीब 1,94,120 रुपए है का नियमानुसार विनष्टीकरण करवाया गया है।

# विजय प्रताप यादव बने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी शोशल मीडिया विभाग के प्रदेश महासचिव

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा-जिला एटा खुशालगढ निवासी विजय प्रताप यादव को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने शोशल मीडिया विभाग में प्रदेश महासचिव नियुक्त किया हैं विजय प्रताप यादव ने कहा में आदणीय श्री राहुल गाँधी जी, श्री मलिका अर्जुन खरगे जी श्रीमती प्रियंका गाँधी जी का आभार व्यक्त करता हूँ साथ ही साथ प्रदेश अध्यक्ष आदणीय श्री अजय राय जी श्रीमती पंखुड़ी पाठक जी श्री दानिश आज़म वारसी जी राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमती डॉली शर्मा जी श्रीमती शालिनी सिंह जी को धन्यवाद करता हूँ मेरे पर विश्वास करके जो मुझे जिम्मेदारी दी मैं हमेशा कांग्रेस पार्टी के लिए तन मन से काम करूँगा कांग्रेस पार्टी को मजबूत करूँगा शीर्ष नेतृत्व का ह्रदय की गहराईयों से धन्यवाद करता हूँ

# बीबीएल पब्लिक स्कूल स्पन्दन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बिखेरी छटा

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रदीप कुमार गुप्ता

बी0बी0एल0 पब्लिक स्कूल, पीलीभीत रोड में सांस्कृतिक कार्यक्रम ''स्पन्दन'' के द्वारा छात्रों ने दर्शकों के ह्रदय को किया स्पन्दित रविवार को बी0बी0एल0 पब्लिक स्कूल, पीलीभीत रोड़, बरेली में सम्पन्न हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम ''स्पन्दन'' में छात्र-छात्राओं ने अत्यन्त आकर्षक प्रस्तुतियों ने आगन्तुकों, अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष अरूण कुमार सिंघल ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर विघ्न विनाशक गणेश एवं वीणापाणि माँ सरस्वती के पूजन के साथ किया। गजवदन, गणनायक की मनोहारी वंदना के पश्चात छात्र-होल्डर आफ स्टि्ंगस को नृत्य के अपनी नृत्य सर्वश्रेष्ठ किया। छात्राओं ने कल्चर कठपुतली माध्यम से प्रतिभा का प्रदर्शन विविध वाद्य यन्त्रों की सम्मिश्रित संगीतमयी प्रस्तुति के पश्चात विद्यालय के छात्रा- छात्राओं ने



अपने नृत्य के द्वारा गुजरात के डांडिया नृत्य को गिलेंट्री गुजरात में, प्रकृति और संस्कृति के सौहार्द को हमार पैचाण उत्तराखंड के द्वारा एवं इन्द्रधनुष के माध्यम से राजस्थान, गोवा और पंजाब की संस्कृतियों को दर्शकों के सामने साकार रूप में प्रस्तुत कर करतल ध्वनि करने को विवश कर दिया। 'माइम' आशाएं के द्वारा छात्र-छात्राओ ने स्वपनों को वास्तविकता में उतारने का भावपूर्ण मंचन किया। माँ और बच्चे के अनन्य प्रेम को दर्शाते नृत्य वात्सल्य ने आगुन्तक दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। फिटनेस फिस्टा के अन्तर्गत शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग के महत्व को दर्शाते नृत्य ने छात्र-छात्राओं की अदभुत क्रियाएँ भी दर्शकों को सम्मोहित कर गईं। इस मौके पर अध्यक्ष अरूण कुमार सिंघल, प्रबन्धक सर्वेश अग्रवाल, राघव अग्रवाल, माधव अग्रवाल, श्यामेश शर्मा ( प्रधानाचार्य बी0बी0एल0 अलखनाथ ) अभिभावकगण एवं छात्र - छात्राएँ मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन निधि जौहरी एवं श्वेता चतुर्वेदी के निर्देशन में विभिन्न वर्ग के छात्र-छात्राओं द्वारा करते हुए मुख्य अतिथि समेत सभी को धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् के साथ हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम 'स्पन्दन' के सफल आयोजन के लिए विद्यालय के प्रबन्धक सर्वेश अग्रवाल ने बी0बी0एल0 परिवार के समस्त सदस्यों को आशीर्वचन एवं शुभकामनाएँ दी।

# उलूक महोत्सव: रिक्शे से आई उलूक महाराज की बरात, लालटेन जला कर हुआ स्वागत; अनोखा होता है ये आयोजन



हास्य कवि दमदार बनारसी ने काव्य पाठ शुरू किया तो वहां मौजूद लोग तालियां बजाने लगे। दमदार बनारसी के...है गिनती तुम्हारी बड़े उल्लुओं में, कहीं के हो नेता, कहीं के हो वोटर.., भटकते हो क्यों जा के दिल्ली में प्यारे, बना है तुम्हारा बनारस में कोटर कविता पाठ पर लोगों ने खूब ठहाके लगाए।अनोखे और मस्ती से भरे उलूक का महोत्सव का आयोजन शनिवार को लक्सा स्थित मारवाड़ी समाज के भवन में हुआ।

रिक्शे से उलूक महाराज की बरात जब आयोजन स्थल पहुंची तो लालटेन जला कर स्वागत किया गया और आरती उतारी गई।

काशी वासियों के मस्त मिजाज और अल्हड़पन के प्रतीक उलूक महोत्सव में हास्य कवियों ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को खूब हंसाया। हास्य कवि दमदार बनारसी ने काव्य पाठ शुरू किया तो वहां मौजूद लोग तालियां बजाने लगे। दमदार बनारसी के...है गिनती तुम्हारी बड़े उल्लुओं में, कहीं के हो नेता, कहीं के हो वोटर.., भटकते हो क्यों जा के दिल्ली में प्यारे, बना है तुम्हारा बनारस में कोटर कविता पाठ पर लोगों ने खूब ठहाके लगाए। साड़ बनारसी ने... और नगरों में देव किंतु यहां महादेव, इन्ही महादेव ने ये नगर बसाया है आनंद वन या महाश्मशान भूमि, सब यहां आपने है कोई न पराया है... कविता पाठ पर हर हर महादेव के नारे लगे। कल्याण विशाल कविता आंसुओं से गाल गीले हो गए, थे बहुत मीठे करीले हो गए। दिलरुबा तो हो गई किसी और की, आज उसके हाथ पीले हो गए...ने लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। ऐसे ही निधि, धर्मराज, झरना मुखर्जी, रोहित पांडेय अन्य कवियों ने भी अपने कविता पाठ के दर्शकों को गुदगुदाया।

# देव दिपावली कार्तिक पूर्णिमा के पावन दिन महादेव घाट पर होगी खारुन गंगा महाआरती

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रवीण शर्मा

सोमवार 27 नवंबर 2023 को कार्तिक पूर्णिमा की संध्या 05 बजे से महादेव घाट रायपुर में एक बार पुनः बनारस की तर्ज पर आयोजित होने जा रही है खारुन गंगा महाआरती। कार्तिक पूर्णिमा देव दीपावली की रौनक को चारगुना करने निरंतर क्रम में 13वीं बार करणी सेना छ.ग. एवं माँ खारुन गंगा महाआरती महादेव घाट जनसेवा समिति के तत्वाधान में यह पुण्य आयोजन किया जा रहा है। करणी सेना अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह तोमर ने समस्त सनातन धर्म प्रेमियों से इस महाआरती में सपरिवार पधारने का आह्वान किया है। श्री तोमर के अनुसार यह महाआरती पुण्य फल प्रदायिनी एवं सौभाग्य जगाने वाली है। गत एक वर्ष से आयोजित होती आ रही इस आरती में हर महीने श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या इसकी लोकप्रियता के परिचय देने हेतु पर्याप्त है।

# स्कूल, कालेजों में मनाया गया संविधान दिवस,शपथ ली

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार गुप्ता




बरेली-नगर के दरबारी लाल शर्मा इण्टर कॉलेज, पी0एन0दीवान पब्लिक स्कूल, जीएलबी मैमोरियल पब्लिक स्कूल, प्राथमिक विद्यालय कलारी,चेना गौंटिया, श्रीमती जानकी देवी हायर सेकंडरी स्कूल भंडसर,खण्डेलवाल कॉलेज,निहाल -श्याम डिग्री कालेज, पद्मावती सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बीबीएल पब्लिक स्कूल, राजश्री कालेज, कृतिका फार्मेसी कालेज आदि में रविवार को संविधान दिवस के मौके पर बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस मौके पर प्रधानाचार्य आशीष कुमार सिंह ने बताया आज के दिन ही संविधान पर हस्ताक्षर किए गए थे।पूरे विश्व में सबसे बड़ा और सबसे सरल संविधान भारतवर्ष का ही है।सभी को समान अधिकार प्रदान करता है। भले ही 26जनवरी 1947को हम गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं। लेकिन हमारा संविधान दिवस 26नवम्बर है।इस मौके पर सभी शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने भी संविधान की शपथ लेते हुए दोहराया हम सब भारतीय सदैव संविधान में वर्णित कानून का पालन करेंगे ।

इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार गुप्ता, मयंक मल्होत्रा, डॉक्टर शिखा अग्रवाल,नीतू गुप्ता, प्राचार्य डॉक्टर मुकेश गंगवार, डॉक्टर सीएम गंगवार, डॉक्टर मेहरबान सिंह सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा। वहीं मतदान केंद्र के बूथों पर बैठ बीएलओ वर्षा गुप्ता, रामपाल सिंह, मोहित रस्तोगी, कुलदीप गंगवार, विमलेश कुमार,रामदास धनपाल सिंह, खलील अहमद,सीमा यादव दुर्गा सिंह आदि ने भी संविधान दिवस पर शपथ ली।

# पाक खुफिया एजेंसी के लिए जासूसी करने वालों को यूपी एटीएस ने किया गिरफ्तार, सेना से जुड़ी जानकारी देते थे



